मॉड्यूल 7: सामाजिक व्यवहार परिवर्तन–बाल संरक्षण

सत्र 4: टीम वर्क को समझना

अवधि: 4:11 मिनट

सत्र के अंत तक आप बता पाएंगे कि–

- टीम वर्क क्यों महत्वपूर्ण है
- टीम को कैसे कार्य करना चाहिए
- टीम के हर सदस्य की क्या भूमिका है
- किस तरह का नेतृत्व सर्वोत्तम परिणाम ला सकता है?

टीम वर्क मायने रखता है

इस सत्र में आप जानेंगे कि टीम का क्या अर्थ है, इसकी विशेषताएं और भूमिकाएं जो इसके सदस्य तथा नेतृत्वकर्ता निभाते हैं, वो क्या है।

आईए टीम की परिभाषा तथा टीम के प्रकारों से शुरूआत करें।

व्यक्तियों का एक समूह जो समान लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करते हैं वह एक टीम है।

टीम के प्रकार

बाल संरक्षण के कर्मचारी सामान्यतः दो प्रकार की टीमों में कार्य करते हैं।

- एक टीम उनके अपने विभाग में होती है जिसमें उनमे सहकर्मी होते हैं– समकक्ष, कनिष्ठ तथा वरिष्ठ सहकर्मी।
- दूसरी प्रकार की टीम कार्य क्षेत्र में, विभाग के बाहर होती है जहां वे अन्य विभागों के लोगों के साथ संवाद करते हैं और एक सामान्य लक्ष्य की प्राप्ति करते हैं जैसे सी डब्ल्यू सी, जे जे बी, जिला बाल संरक्षण इकाई (डी सी पी यू), एस जे पी यू, जो बाल अधिकारों साझे लक्ष्य से जुड़े हुए हैं।

विचारणीय बिन्दु: आपने टीम में अवश्य ही कार्य किया होगा या अपने कार्य स्थल पर टीम के एक हिस्सा होंगे। उस टीम के सदस्यों के साथ अपने अनुभवों को याद करें। वह कैसा था? अच्छा या कठिन? क्या आप सोचते हैं कि टीम में एक अच्छा वातावरण सदस्यों को प्रेरित करता है और उनकी क्षमताओं को बढ़ाता है?

चरण 2: टीम को कैसे कार्य करना चाहिए

आईए कुछ ऐसे तत्वों पर दृष्टि डालें जो यह बताते हैं कि टीम को कैसे कार्य करना चाहिए

- **संचार** : एक सफल तथा सुदृढ़ टीम निष्पादन के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। संचार को खुला, स्पष्ट, ईमानदार और सम्मानजनक रखने से टीम के सदस्य अपनी अनुभूतियों को इस प्रकार व्यक्त कर सकेंगे जो अविश्वास को बढ़ने से रोकेगा।
- **वैयक्तिकता का सम्मान करें:** टीम के साथ कार्य करते समय प्रबन्धकों को वैयक्तिकता का महत्व अवश्य समझना चाहिए।
- **सृजनशीलता को प्रेरित करें:** प्रत्येक दल के सदस्य सृजनषील विचारों को साझा कर सकें, ऐसा हर प्रोजेक्ट में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
- **विश्वास बढ़ाने वाला अभ्यास:** टीम भावना को बढ़ाने का एक तरीका है कि विश्वास निर्मित करने वाले अभ्यास कराने के लिए समय निकाला जाए। अगर विश्वास और सहयोग को संस्था की संस्कृति में महत्वपूर्ण समझा जाए तो उनके विकास की अधिक सम्भावना होती है।
- **भूमिकाओं को स्पष्ट करें:** प्रभावी टीम के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक सदस्य की भूमिका स्पष्ट हो, ताकि सभी को यह जानकारी हो कि किसका क्या उत्तरदायित्व है। इससे टीम में बेहतर तालमेल तथा उत्पादकता अधिक होती है।

समान उद्देश्य पर कार्य करने वाले विभागों के सदस्यों के साथ टीम में कार्य करने के बारे में समझना

- बाल संरक्षण पर कार्य करने वाले कर्मी अलग–अलग टीमों के सदस्य हैं।
- बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड जिला बाल संरक्षण इकाई, तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई एक टीम है।
- इस टीम को, गैर सरकारी संस्थाओं, पंचायत सदस्यों, नागरिक संस्थाओं आदि को, किए जाने वाले कार्य के अनुसार शामिल करके बढ़ाया जा सकता है।
- जब सभी सदस्य एक टीम के रूप में कार्य करें केवल तभी परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। सभी का एक ही लक्ष्य, एक ही दर्शन तथा एक ही तरह के मूल्य हों।
- प्रत्येक को अपनी भूमिका अच्छी प्रकार से निभानी चाहिए। यह भूमिकाएं एक दूसरे पर निर्भर हैं, इसलिए अगर एक सदस्य अपना कार्य ठीक से न करे तो टीम अपना कार्य ठीक से नहीं कर पाएगी। यह एक ऐसी बात है जो आपको या दूसरों को जो बाल संरक्षण पर कार्य कर रहे हैं उन्हें हमेशा याद रखनी चाहिए।